भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS

(रेलवे बोर्ड RAILWAY BOARD)

सं. हिंदी-2016/प्र.- 16/1

नई दिल्ली, तिथि: 06.06.2016

महाप्रबंधक (राजभाषा)
सभी क्षेत्रीय रेलें तथा उत्पादन कारखाने
पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (निर्माण), गुवाहाटी
रेल विद्युतीकरण, इलाहाबाद
मेट्रो रेलवे, कोलकाता

महानिदेशक (राजभाषा)
अ.अ.मा.सं., लखनऊ.
भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी, वडोदरा.

विषय: अखिल रेल हिंदी नाट्योत्सव – 2016

आप सहमत होंगे कि हिंदी के प्रयोग-प्रसार में रंगमंच और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अहम भूमिका रही है. इसी प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए, राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए रेल मंत्रालय प्रत्येक वर्ष अखिल रेल स्तर पर हिंदी नाट्योत्सव का आयोजन करता है, जिसमें क्षेत्रीय रेलों और उत्पादन कारखानों के नाटक दल भाग लेते हैं.नाट्योत्सव में भाग लेने वाले रेल कर्मियों के लिए सहभागिता प्रमाण-पत्र तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रेल कर्मियों के लिए कई पुरस्कार निर्धारित हैं, जिनका ब्यौरा संलग्न है.

अनुरोध है कि आप अपनी रेलवे/संगठन में सर्वश्रेष्ठ हिंदी नाटक के चयन की प्रक्रिया को पूरी करके नाटक का संपूर्ण आलेख (नाटक के सार सहित), कास्ट, नाटक में भाग लेने वाले कर्मचारियों का विवरण आदि संलग्न प्रोफार्मा के अनुसार बोर्ड कार्यालय को 29.07.2016 तक भिजवाने की व्यवस्था करें. साथ ही, इस आशय का प्रमाण-पत्र भी दिया जाए कि संबंधित नाटक का चयन विधिवत् मंचन के बाद किया गया है.

कृपया सुनिश्चित करें कि एक रेल/संगठन से मात्र एक ही नाटक बोर्ड कार्यालय को भेजा जाए और नाटक में भाग लेने वाले कलाकारों की संख्या 15 से अधिक न हो.

यदि हिंदी नाट्योत्सव के बारे में और कोई जानकारी की ज़रूरत हो, तो रेलवे बोर्ड के फोन नं. 011-23303783 (पीएण्डटी),030-43783 (रेलवे) पर संपर्क कर सकते हैं.

संलग्नक: यथोक्त

(रिसाल सिंह)
उप निदेशक, राजभाषा
मो: 09717647508

भारत सरकार GOVERNMENT OF INDIA

रेल मंत्रालय MINISTRY OF RAILWAYS

(रेलवे बोर्ड RAILWAY BOARD)

No. Hindi/2016/Trg. – 16/1

Dated: 06.06.2016

The General Manager's (OL),
All Zonal Railways and Production Units,
N.F. Railway (Const.), Guwahati
CORE, Allahabad
Metro Railway, Kolkata

The Director General (OL)
RDSO, Lucknow
Indian National Railway Academy,
Vadodara

Subject: Akhil Rail Hindi Natyotsav – 2016.

You will appreciate that, theatre and cultural programmes have a vital role to play in the promotion of official language Hindi. In view of this purpose, to propagate the official language Hindi, the Ministry of Railways organizes every year Rail Hindi Natyotsav at All India level, wherein drama parties from all the Zonal Railways/Production Units etc. participate.A Participatory certificate is given to every artist, who participates in the Natyotsav and also, there are several other awards given to the artists who make their presence felt and for their excellent performances. The details of awards to this effects are enclosed herewith.

You are requested to kindly complete the process of selection of the best drama played on your Railways/Organization and arrange to send the complete script (Included Brief), cast and other particulars of the staff participating in the drama in the enclosed proforma to Board's office latest by 29.07.2016. A certificate to this effect may also be appended that the concerned drama has been selected after duly staging the plays.

Please also, ensure that only one drama is sent to Board's office from your Railways/Organization and the numbers of artists should not exceed 15.

For more details for the same, please contact Railway Board Phone No. 011 – 23303783 (P&T), 030- 43783 (Rly.).

Enclosure: As above

(Risal Singh)
Deputy Director, Official Language
Railway Board
09717647508

रेल नाट्योत्सव – 2016

नाटक :

प्रस्तुति :

निर्देशक :

लेखक :

नाटक का सार (ब्रीफ)

पात्र परिचय

(कलाकारों की सं.)

क्रम	नाटक में भूमिका	नाम, पदनाम व कार्यालय	मातृभाषा
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			
6.			
7.			
8.			
9.			

क्रम	मंच के पीछे	नाम, पदनाम व कार्यालय
1.	संगीत (Music)	
2.	रूप सज्जा (Make-up)	
3.	मंच सज्जा (Stage-Setting)	
4.	ध्वनि प्रभाव (Sound-Effect)	
5.	प्रकाश परिकल्पना (Light-Effect)	
6.	वेशभूषा (Costume)	

पुरस्कारों का विवरण

क्रम	विधा	पुरस्कार की राशि
1.	सर्वश्रेष्ठ प्रथम नाटक	5000/-रू + रनिंग ट्रॉफी
2.	सर्वश्रेष्ठ द्वितीय नाटक	4000/-रू + रनिंग ट्रॉफी
3.	सर्वश्रेष्ठ तृतीय नाटक	3000/-रू + रनिंग ट्रॉफी
4.	प्रथम सांत्वना पुरस्कार	2000/-रू + स्मृति चिन्ह्
5.	द्वितीय सांत्वना पुरस्कार	2000/-रू + स्मृति चिन्ह्
6.	तृतीय सांत्वना पुरस्कार	2000/-रू + स्मृति चिन्ह्
7.	चौथा सांत्वना पुरस्कार	2000/-रू + स्मृति चिन्ह्
8.	पांचवा सांत्वना पुरस्कार	2000/-रू + स्मृति चिन्ह्
9.	सर्वश्रेष्ठ निर्देशक	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
10.	सर्वश्रेष्ठ अभिनेता	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
11.	सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
12.	सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
13.	सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
14.	सर्वश्रेष्ठ संगीत	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
15.	सर्वश्रेष्ठ ध्वनि प्रभाव	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
16.	सर्वश्रेष्ठ मंच सज्जा	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
17.	सर्वश्रेष्ठ प्रकाश परिकल्पना	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
18.	सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
19.	सर्वश्रेष्ठ रूपसज्जा	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
20.	सर्वश्रेष्ठ उच्चारण	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
21.	सर्वश्रेष्ठ स्क्रिप्ट लेखन	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
22.	सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्
23.	सर्वश्रेष्ठ विशिष्ट अभिनय पुरस्कार	1000/-रू + स्मृति चिन्ह्